Then, I would like to draw the attention of the Government through you to some historical and also sacred obligations that we owe to the great martyrs of Punjab: Bhagat Singh, Rajguru and Sukhdev. I know it is the urge of the people of Punjab that the memory of these people should be honoured. We all know that these great martyrs were hanged in the Lahore jail. It is the urge of the people of Punjab that the Government of India should take some steps to negotiate with the Government of Pakistan so that the hallowed memory of these great martyrs could be protected in the Lahore jail.

I have also another point to which I would draw the attention of the Government. No doubt it is an all-India demand and more particularly the demand of the people of Punjab, because at that time, Punjab was a united one, to her great glory. Perhaps all of us have forgotten the resolution of 31st December, 1929 which was for complete independence. It was accepted and adopted at Lahore. It was a great meet; a historical resolution. I would ask the Government, on behalf of the people of Punjab as also of India as a whole, that they should try to do something so that something could be done to have that memory honoured in that sacred place where the first pledge of freedom was adopted in Lahore.

**श्री बूटा सिंह** (रोपड़) : अध्यक्षजी, मैं सबसे पहले अपने भाइयों का मशकूर हूं जिन्होंने पंजाब के लोगों के साथ अपने जज़बात का इज़हार किया है। सचमुच पंजाबी करामात कर सकता है अगर उसकी पीठ पर अपने देशवासियों का हाथ हो। हिन्दुस्तान की आज़ादी की लड़ाई के बाद आज़ादी की रक्षा के लिए हुआ संघर्ष इस बात की गवाही देता है कि पंजाबियों ने अपना लोहा कैसे सरहद पर दिखाया। मेरे कुछ भाई आज भी पाकिस्तान की बात करते हैं लेकिन हम सरहद पर बैठे हुए कभी फिक्र में नहीं पड़े। पाकिस्तान में जो कुछ हो रहा है वह हमें वरज़िश करवाने के लिए हो रहा है। अगर किसी को देखना है तो पाकिस्तान के पैटन टैंक आज भी जी० टी० रोड पर सजे हुए देख सकता है। जंग के दौरान हमारी बहनों और माताओं ने मोर्चे पर जाकर शूरवीर बहादुरों को लस्सी, दूध और पराठे पहुंचाए। पंजाब के जवानों ने अपने शरीर के ऊपर बम बांध कर कैसे पैटन टैंक की बखियां उधेड़ी हैं इसे हर कोई जानता है। आज सदन को मौका मिला है वहां की मांगों पर विचार करने का। मैं समझता हूं कि अगर हम सच्चे दिल से वहां की कोशिशों की सराहना करते हैं तो उनकी हरएक मांग को पूरा करना चाहिए मगर मुझे तकलीफ़ होती है जब यह कहा जाता है कि चौथी योजना में पंजाब का इतना रुपया काट दिया गया। हम मांगने के आदी नहीं हैं। मेरे भाई जानते हैं कि पंजाब किसानों का देश है और किसान खुद कमाई करता है, वह मांगता नहीं है। आज भी जिस तरह पंजाब के किसानों ने देश की भूख का मसला हल किया है वह हम सभी जानते हैं। अगर उन्हें पूरे साधन दिए जायें तो वह और ज्यादा पैदा कर सकते हैं। माइनर इर्रीगेशन की वजह से पंजाब में अनाज ठीक पैदा नहीं हो रहा है। वहां बिजली का फ्लैट रेट लगा दिया

गया है लेकिन उनको बिजली जरूरत के वक्त नहीं मिलती। हफ्ते में मुश्किल से एक दिन बिजली मिलती है ग्रौर पूरे महीने का किराया उनसे लिया जाता है। ग्रगर डीज़ल सैट लगा कर उनको बिजली मुहैया की जाय तो मैं कह सकता हूं कि हिन्दुस्तान भर के लिए पंजाब में ग्रनाज पैदा हो सकता है।

इस बिल में कुछ मांगें हैं जिनकी ग्रोर मैं सदन का ध्यान दिलाना चाहता हूं। सबसे पहले लैंड रेवेन्यू में कंसालीडेशन की मांग है। ग्रगर ग्राप हवाई जहाज़ से सफ़र करें ग्रौर पंजाब ग्रौर हरियाना का एरिया देखना चाहें तो ग्रापको वह कंसालीडेशन की वजह से नज़र ग्रा जायगा कि सारे प्रांत को कैसे कंसालीडेट किया है। मैं कहूंगा कि कंसालीडेशन ही पंजाब की खेती-बारी की तरक्की का राज़ है। मैं चाहता हूं कि जो काम कंसालीडेशन का पूरा हो गया है ग्रौर ग्रगर उसमें कुछ माइनर कैसेज़ तय होने को बाकी हैं जिनके लिए 22 लाख रुपया मांगा गया है तो सेन्ट्रल गवर्नमेंट को एक कमीशन नियुक्त करके उन छोटे-छोटे मामलों का निपटारा कराना चाहिए ताकि यह काम बिलकुल समाप्त हो जाय।

परचेज़ ग्राफ़ मोलेसेज़ के बारे में भी मुझे कुछ कहना है। इसमें बहुत गोलमाल हुग्रा। पंजाब विधान सभा में भी इसके बारे में चर्चा हुई ग्रौर जो केसेज़ गिल मिनिस्ट्री के खिलाफ़ इनक्वायर हुए उनमें से मेरी इत्तला है कि यह मोलेसेज़ का केस भी है। ग्रच्छा होता कि जो रिपोर्ट सी० बी० ग्राई० की होम मिनिस्ट्री ने गवर्नर को भेजी है वह यहां सदन में ग्राती ग्रौर हम उस पर चर्चा करते तो पता चलता कि गिल मिनिस्ट्री ने क्या-क्या करप्शन किया है। जो लोगों का पैसा खाया है उसकी सज़ा हम देते। मगर ग्रफ़सोस है कि वह रिपोर्ट ग्रभी तक गवर्नर साहब दबाए बैठे हैं। मैं चाहता हूं कि मोलेसेज़ डील की पूरी जांच हो ग्रौर जो पैसा ग़बन हुग्रा है उसकी पूरी सज़ा ज़िम्मेदार लोगों को दी जाय।

एक दूसरी बात मुझे पंजाब यूनिवर्सिटी की ग्रान्ट्स के बारे में कहनी है। पंजाब यूनिवर्सिटी की सीनेट ने हरियाना ग्रौर पंजाब यूनिवर्सिटी के लोगों को एनहान्स्ड डी० ए० ग्रभी तक इसलिए नहीं दिया कि ग्रभी तक उनको इस बारे में परवानगी नहीं दी गई। ग्रगर इस सदन ने यह खर्चा पहले पास किया होता तो वह पीछे न रहते ग्रौर यूनीवर्सिटी के कर्मचारियों को भी सरकारी कर्मचारियों के साथ महंगाई भत्ता मिल जाता।

ग्रपोज़ीशन की तरफ से शेड्यूल्ड कास्ट्स ग्रौर शेड्यूल्ड ट्राइब्स के लोगों के बारे में बहुत चर्चा की गई जिससे मालूम होता था कि वही उनके ज्यादा हितैषी हैं। मैं कहना चाहता हूं कि गुरनाम सिंह ग्रौर गिल साहब की मिनिस्ट्री में जो उनके बारे में स्कीम्स थीं उन सबको कोल्ड स्टोरेज में रख दिया गया। गुरनाम साहब ने भी टच नहीं किया ग्रौर न गिल साहब ने टच किया। मैं चाहता हूं कि जो स्कीमें थीं, शेड्यूल्ड कास्ट्स ग्रौर शेड्यूल्ड ट्राइब्स को ज़मीनें दी जाती थीं, नज़ूल लेंड दी जाती थी, उनको इंडस्ट्री लगाने के लिए इंटरेस्ट फ्री कर्जे दिए जाते थे, वह उसी तरह से जारी हो। मैं कहना चाहता हूं कि गिल कैबिनेट ने पंजाब में जो धांधली डाल रखी थी, जो वहां के एडमिनिस्ट्रेशन को म्युटिलेट किया था उन सबकी नए सिरे से जांच होनी चाहिए। उस कैबिनेट का नाम भारत के इतिहास में काले ग्रक्षरों से लिखा जायगा क्योंकि उन्होंने चपरासी से लेकर चीफ़ सेक्रेटरी तक, सब ग्राफिसर्स को करप्ट किया ग्रौर जिन्होंने उनका कहना नहीं माना उनके साथ ज्यादती की, उनको ट्रांसफ़र किया, सज़ा दी, बग़ैर कारण के सस्पेंड किया। मैं चाहता हूं कि जब हम यह खर्चा मंजूर करने जा रहे हैं तो एक परमानेंट कमीशन नियुक्त किया जाय जो जांच करे ग्रौर जिनके साथ इनजस्टिस हुग्रा है उनके साथ जस्टिस हो।

SHRI K. HALDER (Mathurapur): Mr. Speaker, Sir, mid-term elections will be held in Punjab within two months and the people of this State are anxiously awaiting the termination of President's Rule, which is rather a curse to them. The people of Bihar, Uttar Pradesh and West Bengal are also counting the end of one man's autocratic administration in their respective States.

It was the Congress clique which helped the installation of the Gill Ministry in power, by over-throwing the popular United Front Ministry in that State and the Governor was a party to it. The Governor rather helped the corrupt Ministry to survive by his notorious tactics.

During the period when Gill Ministry was in office, a memorandum was given to the President by the opposition leaders against the Gill Ministry, containing charges of corruption and nepotism and demanding a commission of inquiry. After the fall of the Gill Ministry, that memorandum was referred to the Governor for preliminary enquiry and comments. It is seen from the report of the Governor that some of the charges have been substantiated. Therefore, the Government should now appoint a commission of inquiry.

Then, the Punjab Roadways employees who were arrested or suspended in February, 1968, under the orders of the Gill Ministry, continue to be victimised. Even though 9 to 10 months have passed, no charge has been substantiated against 91 employees who are under prosecution and 76 employees are still facing departmental enquiry. It is the object of the government to discharge the union leaders and militants on some fake charges. I will give you an instance. The General Secretary of a trade union was arrested on the 26th February, 1968 and the charge brought up against him was that he set fire to a bus on the 27th February, 1968.

The one-man pay commission on revision of pay scales of government employees submited its report some time back. Yet, government have taken decision only about certain categories. Many government employees are not satisfied with this report for several reasons. The report is yet to be published. The Chandigarh correspondent of *Tribune*, commenting on the revised grades of pay in respect of 7 departments, says "generally, highly paid employees are benefited more." In fact, in some cases, for instance, patwaris in the revenue department and assistant probation officers of the Jail Department will lose in the maximum fixed. The traffic managers and station supervisors (General) will get a lower start.

Then, the Government of India is delaying a decision on the future of Chandigarh. Even though the Prime Minister herself had committed to arbitrate on this question, no action has been taken on the question so far.

During the past three Plans Punjab was totally neglected and no heavy projects were taken up there. The people of Punjab are hoping that at least in the Fourth Plan some projects will be taken up in Punjab to improve the condition of the workers and peasants in that State.

It has become a practice of the Congress Government here to overthrow any government which is not a Congress government on the charge that there is no democracy *etc.* The ruling party at the Centre, the Congress Party, thinks that they are the only custodians of democracy in this country. But in this process what has happened is that they have overthrown the popular ministries of Punjab, Bihar, U.P., West Bengal *etc.* and I do not know when the Haryana Grants will again come up before this House. This Government is also planning to overthrow the Government of Kerala. You may ask what has that to do with the discussion on these Grants. I will only say that other Demands like the Demands for Punjab will come before this House. That is the tactics of the Government at the Centre. But I shall give one warning that we shall not allow other provinces to pass through what Punjab is passing through now. That is the only warning I want to give them.

MR. SPEAKER: Before I call upon the next speaker, I may say that the half-an-hour debate and other debates are not possible today because we will have to go through the financial business first. We will fix some other time that is convenient. I cannot say when it will be convenient.

SHRI M. L. SONDHI (New Delhi): This matter is important for obvious reasons

and there is the second report of the Deputy Commissioner which has been presented. It is not something which has been disposed of.

MR. SPEAKER: I know, it is an important thing but it is not thrown out; we are only postponing it.

SHRI KANWAR LAL GUPTA: Only two days are left.

MR. SPEAKER: I know that.

SHRI KANWAR LAL GUPTA: On Friday there is another half-an-hour discussion. So it is not possible to take it up.

MR. SPEAKER: Let me see when we can have the discussion.

SHRI M. L. SONDHI: It is of concern.

MR. SPEAKER: I know. But let me see. Half-an-hour discussions are normally taken at the fag-end of the day.

SHRI KANWAR LAL GUPTA: The Minister has gone away.

MR. SPEAKER: He will come. I do not know how long will the House sit. I am not able to say that. I told you in the morning that we may continue to sit till 8 o'clock or 8.30.

SHRI M. L. SONDHI: It is very important. It is an issue which transcends party lines.

MR. SPEAKER: Let me see at the end of it.

SHRI KANWAR LAL GUPTA: At what time?

MR. SPEAKER: I do not know. It depends on the work.

SHRI SRINIBAS MISRA *rose*—

SHRI M. L. SONDHI: Do matters relating to human liberty get lesser time?

MR. SPEAKER: You are wasting the time now. I cannot say anything now.

SHRI M. L. SONDHI: What is going on now is a political exercise.

MR. SPEAKER: But the Demands are to be passed.

SHRI M. L. SONDHI: There can be a little reduction in time for that.

MR. SPEAKER: I am trying to reduce it.

**श्री प्रेम चन्द वर्मा** (हमीरपुर) : अध्यक्ष महोदय, 23 अगस्त, 1968 को राष्ट्रपतिजी ने पंजाब का शासन सम्भाला था। मैं समझता हूं कि यह मांगें जो कि 23,68 करोड़ रुपये के खर्चे की हैं, वह आज इस सदन में पेश न हुई होतीं अगर पंजाब में राष्ट्रपति का शासन न हुआ होता।

अध्यक्ष महोदय, मैं आपको कुछ पीछे ले जाना चाहूंगा और यह बताऊंगा कि यह क्यों हुआ। पंजाब में जो विरोधी दल थे उन्होंने अपनी खिचड़ी-सरकार बनाई। कहीं की ईंट, कहीं का रोड़ा और भानुमती ने कुनबा जोड़ा, यही बात उन्होंने की थी। जनसंघ, कम्युनिस्ट, अकाली पार्टी और जनता पार्टी (जो कि डेफेक्टर्स थे), इन सब पार्टियों ने मिलकर वहां पर अपनी सरकार बनाई लेकिन उनकी वह सरकार चल नहीं पाई क्योंकि वे इन्साफ नहीं करते थे। आपको मालूम होगा उस सरकार ने हिमाचल प्रदेश में अनाज के जाने पर रोक लगा दी थी और वहां के बहादुर डोगरे, जिनकी संख्या 30 लाख है, उनको भूखों मारने लगे थे लेकिन भगवान ने उनकी बात सुन ली क्योंकि वे भगवान पर विश्वास करते हैं। इन पार्टियों की आपस में, लूट के माल पर लड़ाई हुई जिसके फलस्वरूप सरकार ही टूट गई।

**18 hrs.**

मैं समझता हूं कि पंजाब को अगर स्कैंडल प्रान्त कहा जाय तो ठीक है। क्योंकि उसमें बड़े-बड़े स्कैंडल होते हैं तो यह बात ठीक ही होगी। पंजाब में इन कम्युनिस्टों और जनसंघियों ने बड़े-बड़े स्कैंडल किए। युनाइटेड

[श्री प्रेम चन्द वर्मा]

फ्रंट की सरकार के जमाने में वहां बड़े-बड़े स्कैंडल हुए हैं। मेरा कहना है कि उनके राज्य में जो अंधेरगर्दी और धांधलेबाजी चली है उसकी पूरी इनक्वायरी होनी चाहिए।

मेरे उधर के मित्र श्री कंवर लाल गुप्त ने चूंकि एलैक्शन सिर पर है इसलिए आज यहां पर पंजाब के बारे में एलेक्शन स्पीच कर दी। उन्होंने कहा कि पहले कांग्रेस ने उन सब शहरों को लूटा और अब वहां पर प्रेसीडेंट रूल करके और गांव को लूटने जा रहे हैं। मैं श्री कंवर-लाल गुप्त से पूछना चाहूंगा कि वह कौन से गांव में रहे हैं और कौन से गांव की नुमायन्दगी करते हैं जो इस तरह के बेसिरपैर की उड़ा रहे हैं? दरअसल उनकी नजर चुनावों पर है और इस तरह से चुनावों के समय गरीब लोगों को गुमराह करके और उन्हें बेवकूफ़ बना करके अपना उल्लू सीधा करते हैं और उस तरह से फिर अपना गठबंधन करते हैं। उनकी बस यही कोशिश रहती है कि पंजाब में या कहीं भी कांग्रेस की सरकार न बन पाए क्योंकि वैसा होने से उनकी पोल खुलती है। इसलिए हम देख रहे हैं कि वह इस बिल को एक एलैक्शन प्रोपेगैंडा बना रहे हैं और इस तरह से जनता को गुमराह करने के लिए धुंआधार तकरीरें दे रहे हैं।

चूंकि समय बहुत कम है इसलिए मैं महज दो, तीन सुझाव रखकर अपना स्थान ग्रहण करूंगा। पंजाब बहादुरों का प्रदेश है और यह वह प्रान्त है जो कि पाकिस्तान के मुंह के सामने खड़ा है। जरूरत इस बात की है कि पंजाब प्रान्त सिविल डिफेंस को मजबूत किया जाय। यह भी आवश्यक है कि एन० सी० सी० और बौरडर सिक्योरिटी फोर्स को सुदृढ़ किया जाय और पाकिस्तान से लगती हुई जितनी पंजाब की बौरडर है वहां के तमाम लोगों को हथियारबंद किया जाय। उनको हम सभी आवश्यक सुविधाएं सुलभ करें ताकि वह आने वाले किसी भी बाहरी संकट का कामयाबी के साथ सामना कर सकें।

दूसरा मेरा सुझाव यह है कि चुनाव सिर पर आ रहे हैं और इसको देखने की बड़ी आवश्यकता है कि यह चुनाव निष्पक्ष रीति से सम्पन्न हों। इसके लिए मेरी मांग है कि चुनाव निष्पक्ष होने के लिए वह दल वह पार्टियां जो कि शरारत पसन्द हैं जो झगड़ा करना चाहती है जो कि नाजायज़ फ़ायदा उठाना चाहती हैं और जो कि क़ानून को अपने हाथ में लेना चाहती हैं ऐसे शरारती तत्वों से सरकार को मुनासिब व कारगर ढंग से निबटना होगा। इस काम की जिम्मेदारी गवर्नर पर व राष्ट्रपतिजी पर है।

तीसरा मेरा सुझाव यह है कि पंजाब के जो पेंशन याफ्ता पुराने सरकारी मुलाजिम हैं उनकी पेंशन बहुत थोड़ी है। उसके बढ़ाये जाने के लिए वह बड़ी देर से आन्दोलन कर रहे हैं। मेरा आपसे निवेदन है कि ऐसे पेंशन-याफ्ता सरकारी मुलाजिमों के लिए जिनकी कि पेंशन आज की कमरतोड़ मंहगाई के जमाने में बिलकुल नाकाफ़ी है और जिन्होंने कि 30-30, 35-35 साल तक सरकार की वफादारी के साथ सेवा की है उनकी पेंशन को बढ़ाया जाय। उनको अन्य सहूलियतें भी प्रदान करने के बारे में सरकार विचार करे।

चौथी बात यह है कि अगर चंडीगढ़ का मामला फिर डिस्कशन के लिए आता है तो मेरा आपसे निवेदन है कि चंडीगढ़ में हिमाचल-प्रदेश को भी हिस्सा मिले इसका ध्यान रखा जाय। अगर चंडीगढ़ का बटवारा हो तो उस बंटवारे के अन्दर हिमाचल प्रदेश को भी भागीदार के तौर पर शामिल कर लिया जाय और उसे भी उसमें से हिस्सा मिलना चाहिए।

पांचवी और आखिरी बात जो मैं कहना चाहता हूं वह यह है कि भाखड़ा, व्यास और गोविन्दसागर डैम के कारण वहां से जो लोग हटाए गए हैं आज वह बुरी हालत में हैं। वह गरीब व पिछड़े हुए लोग हैं और पंजाब सरकार उनके साथ ठीक तरह का बर्ताव नहीं करती

है क्योंकि वह हिमाचल प्रदेश के अन्दर जा चुके हैं। इस अवसर पर मैं आपके द्वारा मंत्री महोदय से निवेदन करना चाहूंगा कि भाखड़ा, व्यास और गोविन्दसागर का जो पिछड़ा हुआ इलाक़ा है और जो वहां से उजाड़े गए हैं उनको बसाने की और उन्हें आवश्यक सुविधायें पहुंचाने की जिम्मेदारी पंजाब सरकार की है लेकिन अभी तक उनको ठीक तरह से बैठाया नहीं गया है। मुझे आशा है कि उस सम्बन्ध में पंजाब सरकार को आवश्यक हिदायतें सेंटर से भेज दी जायेंगी। मैं पंजाब की बजट मांगों का समर्थन करते हुए अपना भाषण समाप्त करता हूं।

**श्री प्रकाशवीर शास्त्री** (हापुड़) : अध्यक्ष महोदय, मैं केवल तीन बातें कहना चाहता हूं। एक तो मेरा अपना निवेदन यह है कि पंजाब में राष्ट्रपति शासन होने से सबसे बड़ा लाभ अगर किसी को पहुंचा है तो वह पंजाब विश्वविद्यालय को पहुंचा है। हुआ यह कि जिस समय पंजाब का बंटवारा हुआ तो पंजाब विश्वविद्यालय को सहायता देने की जिम्मेदारी तीन राज्यों पर आई। केन्द्र पर, हिमाचल प्रदेश पर और पंजाब सरकार पर। हिमाचल प्रदेश और केन्द्र की सरकार तो अपना हिस्सा देते हैं लेकिन पंजाब सरकार इस विषय के अन्दर टालमटोल करती रही है। अब यह जो अनुदानों की मांगें आई हैं उसमें 16 लाख रुपया पंजाब विश्वविद्यालय के सम्बन्ध में रक्खा गया है। मेरा अपना निवेदन इस प्रकार का है कि यह स्थिति देर तक न चले। उत्तर भारत में लगभग सब ही विश्वविद्यालयों में गड़बड़ है। लेकिन हम सब जानते हैं कि पंजाब विश्वविद्यालय ही इस प्रकार का एक सौभाग्यशाली विश्वविद्यालय है जो कि इस प्रकार की गड़बड़ों से काफ़ी हद तक दूर है। पढ़ाई के सम्बन्ध में भी वहां का स्टैन्डर्ड पहले की अपेक्षा काफ़ी ऊंचा उठा है। इसलिए मेरा अपना सुझाव यह है कि चंडीगढ़ जब केन्द्रीय सरकार के अधीन है तो पंजाब विश्वविद्यालय को अलीगढ़ और बनारस विश्वविद्यालय की तरह से केन्द्रीय विश्वविद्यालय क्यों नहीं बना दिया जाता। केन्द्रीय सरकार पूरा उसको अपना अनुदान देकर एक आदर्श विश्वविद्यालय के रूप में विकसित करे।

दूसरा मेरा सुझाव चंडीगढ़ शहर के सम्बन्ध में है जिसकी कि चर्चा अभी कई माननीय सदस्यों के द्वारा की गई है। मुझे इस सरकार से सबसे बड़ी शिकायत यह है कि यह पहले कमीशन बनाती है, कमीशन बनने के बाद वह कमीशन जब अपनी राय देता है तो वह फिर उन कमीशनों की राय को चौराहे पर रख कर लोगों को आपस में लड़ने के लिए छोड़ देती है। ऐसा ही महाजन कमीशन के सम्बन्ध में हुआ। ऐसा ही पंजाब के लिए शाह कमीशन के सम्बन्ध में हुआ। मेरा कहना यह है कि जब एक इस प्रकार का निष्पक्ष कमीशन बना था तो उसके सुझावों को ज्यों का त्यों स्वीकार कर लेना चाहिए। लेकिन चूंकि वह बात नहीं हुई और चंडीगढ़ के सम्बन्ध में उचित निर्णय नहीं लिया गया। आज स्थिति इस प्रकार की है कि चंडीगढ़ के विकास पर इसका बड़ा विपरीत प्रभाव पड़ रहा है। मेरा निवेदन है कि इसके सम्बन्ध में संदिग्ध स्थिति देर तक नहीं चलने देनी चाहिए। आवश्यकता इस बात की है कि चंडीगढ़ के सम्बन्ध में जल्दी से जल्दी निर्णय लिया जाय। शाह कमीशन के निर्णय को अगर ज्यों का त्यों मान लिया जाता तो बहुत ही अच्छा होता। लेकिन जो और भी निर्णय लेना हो वह ले लिया जाय और चंडीगढ़ की वर्तमान संदिग्ध स्थिति को अधिक देर तक बनाए नहीं रखना चाहिए।

मेरा अंतिम निवेदन यह है कि मैं इस बात को हृदय से स्वीकार करता हूं कि जब पंजाब का बंटवारा भाषा के आधार पर हुआ है तो पंजाब की मुख्य भाषा पंजाबी है जो कि गुरुमुखी लिपि में लिखी जायगी। लेकिन चूंकि पंजाब के अन्दर 40-42 प्रतिशत वह लोग भी बसते हैं जो कि हिन्दी को अपनी भाषा कहते

[श्री प्रकाशवीर शास्त्री]

हैं इसलिए हिन्दी को पंजाब में द्वितीय भाषा के रूप में आप स्थान दिलाने की कृपा करें और छोटे-छोटे प्रश्नों पर जो अभी कटुताएं विद्यमान हैं उनको इस तरह से हटाया जाय। मैं समझता हूं कि सरकार मेरे इन सुझावों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करके आवश्यक क़दम उठाएगी।

**श्री साधूराम** (फिल्लौर): अध्यक्ष महोदय, आज पंजाब के बजट के सम्बन्ध में जो सप्लीमेंटरी डिमांड्स फॉर ग्रांट्स हैं पेश हैं उनके मुताल्लिक मैं यह अर्ज करना चाहता हूं कि पंजाब में स्वर्गीय सरदार प्रताप सिंह कैरों की मिनिस्टरी के टाइम में हरिजन कल्याण फंड के लिए पंजाब से 3 करोड़ 86 लाख रुपया इकट्ठा हुआ था और 1 करोड़ 14 लाख रुपया पंजाब गवर्नमेंट ने देना मंजूर किया था। 5 करोड़ रुपया सेंट्रल गवर्नमेंट से लेकर 10 करोड़ रुपये की स्कीम बना कर पंजाब के हरिजनों की भलाई के लिए एक स्कीम बनी लेकिन यह अफसोस की बात है कि आज तक उस पर किसी ने अमल नहीं किया और न ही वह रुपया जायज तरीक़े पर हरिजनों पर खर्च किया जा रहा है। पंजाब में युनाइटेड फ्रंट की मिनिस्टरी बनी उसने उस स्कीम पर अमल नहीं किया। उसके बाद गिल मिनिस्टरी बनी, उसने भी हरिजनों की भलाई वाली उस स्कीम पर कोई अमल दरामद नहीं किया। मैं चाहता हूं कि आज राष्ट्रपति के राज्य में हरिजनों के कल्याण के लिए जो फंड स्थापित है उसमें से हरिजनों को बगैर सूद के अधिक से अधिक रुपया कर्ज देकर सहायता की जाय। हरिजनों को उसमें से रुपया देकर उन्हें उनकी स्मौल स्केल इंडस्ट्री के सम्बन्ध में मदद दी जाय।

ज़मीन के बारे में पंजाब गवर्नमेंट ने, वहां की कांग्रेस गवर्नमेंट ने पंजाब के हरिजनों के लिए मुस्लिम इवैकुयी प्रापरटी को तकसीम करने के लिए जो एक स्कीम बनाई थी उसे युनाइटेड फ्रंट सरकार ने बन्द कर दिया और गिल मिनिस्टरी ने भी उसे चालू नहीं किया। इसके लिए सेंट्रल गवर्नमेंट की तरफ से कुछ न कुछ किया जाना चाहिए ताकि वह जो ज़मीन बेकार पड़ी है वह हरिजनों के हवाले की जाय और उनकी बेकारी की समस्या को दूर किया जाय और मुल्क की पैदावार में बढ़होतरी हो।

तीसरी बात मैं विल्लेज रोड्ज़ के बारे में कहना चाहता हूं। वे अभी तक अधूरी पड़ी हुई हैं। कई मिनिस्ट्रीज़ आई हैं लेकिन उन्होंने इसकी तरफ ध्यान नहीं दिया है। गांवों की सड़कों को न बनाना मैं समझता हूं कि गांवों के लोगों के साथ बड़ी बेइंसाफी करना है। मैं चाहता हूं कि उन सड़कों को जल्दी से जल्दी मुकम्मिल किया जाए।

पंजाब बहादुरों का प्रदेश है। वहां रहने वाले लोग बहुत बहादुर हैं। पाकिस्तान के साथ जब लड़ाई हुई थी तब उन्होंने इसका पूरा पूरा सबूत दिया था। अब भी अगर पाकिस्तान सिर उठाता है तो पंजाबी लोगों को अगर सेंट्रल गवर्नमेंट तथा दूसरे देश के लोग मदद दें तो मैं समझता हूं कि वे अकेले पाकिस्तान का मुकाबला कर सकते हैं। लेकिन वे ऐसा अच्छी तरह से और आसानी से कर सकें, इसके लिए आपको हैवी इंडस्ट्रीज भी पंजाब में स्थापित करनी चाहिए। अभी तक उनको वहां स्थापित नहीं किया गया है। पंजाब गवर्नमेंट ने आर्डनेंस फैक्ट्री लगाने की इजाज़त मांगी थी। मैं चाहता हूं कि उसको इसकी इजाज़त दे दी जाए। अगर ऐसा किया गया तो अकेला पंजाब पाकिस्तान का मुकाबला कर सकता है। बाकी देश को उसमें दखल देने की कोई जरूरत नहीं है। ऐसा करके, वहां हैवी इंडस्ट्रीज लगाकर आप पंजाब के लोगों के उत्साह को बढ़ायेंगे। मैं हाउस से भी प्रार्थना करता हूं कि इस काम में वह पंजाब की मदद करे और सेंटर से ज्यादा से ज्यादा सहूलियतें पंजाब को दिलवाने की कोशिश करे।

**श्री किक्कर सिंह** (भटिंडा): अध्यक्ष महोदय, मैं आपका धन्यवाद करता हूं कि आपने मुझे बोलने का वक्त दिया है। मैं सिर्फ

एक बात कहना चाहता हूं । मेरे हल्के में एक खाद फैक्ट्री लगाने की बात मंजूर हुई थी । उसको वहां से सिरहंद में तबदील करवाने की बात किसी ने करवाई है या वह बात हो रही है । वह नहीं होनी चाहिए । जो मिट्टी खाद में मिलाई जाती है वह सीधी बीकानेर से आती है । भटिंडा में वहां से सीधी लाइन जाती है और रास्ते में कोई तबदीली करने की जरूरत नहीं पड़ती है । बिजली का भी उसमें ज्यादा खर्चा नहीं पड़ता है । ढुलाई पर भी ज्यादा खर्चा नहीं पड़ता है । अगर इस फैक्ट्री को सिरहंद ले जाया जाएगा तो उस पर डबल खर्चा पड़ेगा । इसलिए मेरी दरख्वास्त है कि यह फैक्ट्री सिरहंद तबदील न हो । उससे बहुत नुकसान गवर्नमेंट को होगा । बिजली का भी खर्चा बढ़ेगा । ढुलाई का भी बढ़ेगा । इसको भटिंडा में ही लगाया जाना चाहिए । इससे राजस्थान का भी फायदा होगा और हरियाणा को भी होगा । साथ ही साथ फीरोजपुर, संगरूर और उनके साथ-साथ जो दूसरे लगने वाले इलाके हैं, उनका काम भी अच्छी तरह से होगा । वह बहुत उपजाऊ इलाका है । भटिंडा में ही अगर फैक्ट्री लगी तो किसानों को वहां बहुत लाभ होगा । इसमें हिन्दुस्तान का भी फायदा है क्योंकि उस इलाके में पैदावार और भी ज्यादा होगी । इस वास्ते उसको वहां से तबदील न किया जाए ।

जहां तक चंडीगढ़ की बात है, उसको पंजाब ने बनाया है, उसने उस पर खर्च किया है । वह पंजाब को ही दिया जाना चाहिए । मैं मंत्री महोदय से कहूंगा कि इस बात का वह खयाल रखें और चंडीगढ़ को पंजाब को ही दें ।

**श्री रणधीर सिंह :** सुप्रीम कोर्ट के जज ने हमारे हक में फैसला दिया है ।

**श्री किकर सिंह :** मेरे भाई ने गोविन्द सागर की बात की है । उन्होंने कहा है कि हिमाचल के साथ बड़ी बेइंसाफी हुई है । मैं नहीं समझता हूं कि पंजाब के लीडरों ने कभी भी हिमाचल के लोगों को किसी भी तरह की तकलीफ में डाला है । सन्त फतह सिंह ने कभी भी कोई इस तरह की टीका टिप्पणी नहीं की है । पंजाब में सन्त फतह सिंह तो सभी हिन्दुस्तान के लोगों का और उन लोगों का भी जो वहां बसते हैं, भला चाहते हैं । इसलिए मैं दरख्वास्त करूंगा कि इस झगड़े को खत्म किया जाए और पंजाब का हिस्सा पंजाब को मिले ।

थैंक यू वैरी मच ।

**वित्त मंत्रालय में उपमंत्री (श्री जगन्नाथ पहाड़िया) :** माननीय सदस्यों ने आम तौर पर पंजाब राज्य के विकास और खास तौर पर खेती के विकास की चर्चा की है । जब खेती के विकास की चर्चा होती है तो उसमें स्वाभाविक रूप से और निश्चित रूप से खाद की, पानी की, बिजली की, बीज की, ट्रैक्टरों आदि की भी चर्चा होती है । ये सब चीजें खेती के विकास के लिए बहुत जरूरी है, इससे इन्कार नहीं किया जा सकता है ।

अध्यक्ष महोदय, मैं सदन का बहुत समय लेना नहीं चाहता हूं । जहां तक बिजली के विकास का सम्बन्ध है, सरकार पूरी तरह से अवगत है कि बिजली ज्यादा पैदा होनी चाहिए । खेती के विकास के लिए आज बिजली की बहुत आवश्यकता है । वहां पर राष्ट्रपति शासन किन कारणों से लागू हुआ उनमें मैं जाना नहीं चाहता क्योंकि उस पर काफी बहस आज भी और पहले भी हो चुकी है । मैं इतना ही निवेदन करना चाहता हूं कि बिजली के विकास के लिए सरकार ने पूरा ख्याल रखा है और यही कारण है कि तीन करोड़ रुपया बिजली के विकास के लिए और इस काम से संबंधित कामों के लिए रखा गया है । मैं समझता हूं कि इस साल में यह सारा खर्च हो जाएगा और इससे निश्चित रूप से बिजली के विकास में मदद मिलेगी, उसकी तरक्की होगी ।

[श्री जगन्नाथ पहाड़िया]

माननीय सदस्यों ने कहा है कि रुपयों का सदुपयोग नहीं होता है। सदुपयोग करना तो पंजाब के लोगों का और वहां की सरकार का काम है। हमें जब कभी भी इस प्रकार की जानकारी मिलती है कि रुपये के मामले में गड़बड़ हो रही है तो निश्चित रूप से हम जांच करते हैं और एकशन भी लेते हैं।

एक बात यहां पंजाब विश्वविद्यालय के बारे में कही गई है। माननीय सदस्यों ने पंजाब विश्वविद्यालय की सराहना की है। शास्त्रीजी ने खासतौर पर इस बात का जिक्र किया है कि पंजाब यूनिवर्सिटी को केन्द्रीय यूनिवर्सिटी बना दिया जाना चाहिए। वैसे तो वह एक प्रकार से केन्द्रीय विश्वविद्यालय है ही क्योंकि हरियाणा, पंजाब और हिमाचल के लोग उससे लाभ उठाते हैं। जैसा कि शास्त्रीजी ने कहा है तीनों सरकारें इसके लिए मिलकर रुपया देती है। जो कुछ उन्होंने कहा है चूंकि उसे केन्द्रीय सरकार को ही करना है, इसलिए वह मामला विचाराधीन है . . .

**श्री रणधीर सिंह :** सैनेट में हरियाणा का हिस्सा बराबर का होना चाहिए।

**श्री जगन्नाथ पहाड़िया :** इसको सैनेट तय करेगा, हम तय नहीं कर सकते हैं।

ढिल्लों साहब ने खास तौर पर तथा और भी मित्रों ने यह कहा कि पंजाब यूनिवर्सिटी के कर्मचारियों को उतनी तनख्वाह नहीं मिलती है जितनी तनख्वाह केन्द्रीय सरकार के कर्मचारियों को मिलती है। जैसा कि माननीय सदस्यों ने देखा होगा 19 लाख से भी ज्यादा रुपये की राशि इसके लिए रखी गई है। मैं आशा करता हूं कि विश्वविद्यालय इसका उपयोग करेगा और अपने कर्मचारियों का भी ध्यान रखेगा। चूंकि विश्वविद्यालय आटोनोमस होते हैं इस वास्ते यह देखना उनका काम है कि वे रुपये को किस प्रकार से खर्च करें।

यहां पर कंसौलिडेशन की भी चर्चा हुई है। इस मामले में भी सरकार पूरी तरह से सतर्क है। वह चाहती है कि यह काम जल्दी से जल्दी पूरा हो और इस डिपार्टमेंट को खत्म कर दिया जाए। लेकिन चूंकि काम अभी तक पूरा नहीं हुआ है और बीच में गड़बड़ रही है इस वास्ते पंजाब की सरकार इसको पूरा नहीं कर सकी है। केन्द्रीय सरकार का इसके बारे में पूरा ध्यान है और हम आशा करते हैं कि शीघ्र से शीघ्र वहां पर कंसालिडेशन का काम पूरा हो जाएगा और जैसे ही काम पूरा हो जाएगा, इस महकमे को बन्द कर दिया जायगा।

यहां पर खास तौर से भाखड़ा नांगल और व्यास प्राजैक्ट की चर्चा हुई है। जैसा कि आप जानते ही हैं केन्द्रीय सरकार बराबर इस बात का ख्याल रखती है कि जो बड़ी प्राजैक्ट्स हैं उनको शीघ्र पूरा किया जाए। इसलिए जहां तक भाखड़ा नंगल का प्रश्न है या व्यास प्राजैक्ट का प्रश्न है, यह राजस्थान हरियाणा और पंजाब तीनों की मिली जुली योजना है। इसीलिए केन्द्रीय सरकार ने इस साल के लिए यानी 1968-69 के लिए पांच करोड़ 93 लाख रुपया इस काम के लिए रखा था। व्यास प्राजैक्ट के लिए भी इसीलिए 22 करोड़ 27 लाख रुपया रखा गया था। काम बराबर चालू है। कुछ पूरा हो गया है। जैसे-जैसे काम पूरा होता जाता है वैसे-वैसे रिहैबिलिटेशन का काम भी हम करते जाते हैं। श्री वर्मा ने उजड़े हुए लोगों का खास तौर से जिक्र किया है। उनकी तरफ सरकार का ख्याल बराबर रहता है। आप तो जानते ही हैं कि उन्हें अगर पंजाब की सरकार जमीन नहीं देती है तो राजस्थान कैनाल के इलाके में हम ले जाकर उनको बसाते हैं। अगर हमें पता चलता है कि किसी के साथ अच्छा बरताव नहीं हुआ है तो हम राज्य सरकार को भी कहते हैं। उसके अलावा क्योंकि राजस्थान कैनाल की भी केन्द्रीय सरकार कुछ हद तक देखभाल करती है, वहां

भी उन लोगों को मुग्रावज़ा देकर ग्रौर पैसे देकर बसाने का काम किया जाता है ।

माननीय सदस्यों ने वहां पर शासन जिस तरह से चलता है, उसका भी ज़िक्र किया है । उन्होंने कहा है कि वहां बहुत गड़बड़ी है, गुंडागर्दी है । हमारे कंवरलाल गुप्त जी की तो रोज़ की ग्रादत बन गई है इस तरह की बातों को कहने की । उनके पास कोई नई बात कहने के लिए है ही नहीं । रोज़ वह इसकी चर्चा करते हैं । मेरे पास इसके बारे में ग्रांकड़े हैं, लेकिन मैं उनमें जाना नहीं चाहता हूं । जब से वहां राष्ट्रपति का शासन लागू हुग्रा है तब से वहां पर सरकार को ग्रादेश दे दिए गए हैं कि सारे के सारे शासन का काम निष्पक्ष रूप से चलना चाहिए ग्रौर निष्पक्षता के साथ-साथ प्रशासन कुशल भी होना चाहिए । निष्पक्ष शासन ग्रौर कुशल प्रशासन, दोनों ही बातें जो दो सरकारें ग्रब तक वहां हो चुकी हैं, उन्होंने नहीं की थीं . . .

**श्री कंवरलाल गुप्त** : मेरा एक प्वाइंट ग्राफ ग्रार्डर है । ग्रभी मंत्री महोदय ने कहा है कि मैंने कहा है कि वहां गुंडागर्दी होती है, गड़बड़ होती है । मैं समझता हूं कि मंत्री महोदय के कान पीछे की ग्रोर लगे हुए हैं । मैंने यह बात कही ही नहीं । मैं चाहता हूं कि मंत्री महोदय ज़रा कान खोलकर सुना करें कि क्या कहा जाता है । मैंने यह कहा था कि क्रेडिट फैसिलिटीज़ के लिए जो चालीस करोड़ रुपया रखा गया था उसमें से बीस करोड़ जो बचा है, वह कैसे बचा है, वह इस्तेमाल नहीं हुग्रा है, उसकी क्या वजह है । इसका वह जवाब दें । मंगला डैम के बारे में जवाब दें । वर्माजी ने जो ग्राप बात कह रहे हैं, उसके बारे में कहा था । ग्रापको याद तो रहता नहीं है । ग्राप रिकार्ड देख लें । ग्रगर मंत्री महोदय यह बता दें कि पंजाब की बाउंडरी कौनसी है तो हम इन सप्लीमेंट्री डिमांड्ज़ के हक में वोट कर देंगे ।

**श्री जगन्नाथ पहाड़िया** : ग्रध्यक्ष महोदय, मैं माननीय सदस्य की विद्वता को चैलेंज नहीं करना चाहता हूं, लेकिन मैं कहना चाहता हूं कि पंजाब की बाउंडरी की जो जानकारी उन्हें है, वह मुझे भी है ।

बाउंडरी के बारे में कमीशन बन चुका है ग्रौर बाउंडरी का बटवारा हो चुका है । माननीय सदस्य, श्री कंवरलाल गुप्त, बाउंडरी के बारे में ज्यादा जानते होंगे, मैं उन्हें चैलेंज नहीं करना चाहता हूं, लेकिन मैं कह सकता हूं कि पंजाब मेरा पड़ौसी राज्य है ग्रौर इसलिए मुझे भी उसके बारे में जानकारी है ।

माननीय सदस्य ने चुनाव के बारे में भी कहा है । चुनाव कमीशन उसका इन्तज़ाम कर रहा है ग्रौर इस बारे में सब पार्टियों से बातचीत की जाएगी ।

**श्री बूटा सिंह** : ग्रध्यक्ष महोदय, जो हरिजन-भलाई के काम बन्द पड़े हैं, हमने उनकी चर्चा की थी । मंत्री महोदय उसके बारे में कुछ प्रकाश डालें ।

**श्री जगन्नाथ पहाड़िया** : उसके लिए भी रुपया रखा गया है ।

MR. SPEAKER: I shall now put the cut motions Nos. 1 and 2 to the vote of the House.

*The cut motions were put and negatived.*

MR. SPEAKER: Now, the question is:

"That the respective Supplementary sums not exceeding the amounts shown in the third column of the order paper be granted to the President out of the Consolidated Fund of the State of Punjab to defray the charges which will come in course of payment during the year ending the 31st day of March, 1969 in respect of the following demands entered in the second column thereof—

Demands Nos. 1, 2, 6, 9, 12, 16, 26, 27, 29, 37, 38, 43 and 51."

*The motion was adopted*

---